आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- निकोबार जिले में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के बढ़ते मामलों पर केन्द्रीय दल ने लिया स्थिति का जायजा, सुरक्षा इंतजामों की सराहना की।
- नशे के खिलाफ जंग अभियान के तहत महाराष्ट्र पुहंची अंडमान निकोबार पुलिस की मोटरसाइकल रैली, युवाओं को किया जागरूक।
- सरकार ने मेटा को आवश्यकता से ज्यादा सामग्री न दिखाने का निर्देश दिया।
- मत्स्य पालन विभाग की ओर से दक्षिण अंडमान जिले में 'खारे पानी में जलीय कृषि विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

निकोबार जिले में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक केंद्रीय दल ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। टीम ने श्री विजयपुरम हेली काउंटर और कार निकोबार में संक्रमण रोकने के लिए की जा रही गाड़ियों की सफाई और सुरक्षा इंतजामों की सराहना की, साथ ही आगे की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश जारी किए गए है। दौरे के दौरान टीम ने एरोंग में ग्रामीणों से बातचीत कर कहा कि मृत पशुओं को केवल तय की गई सरकारी जमीन पर ही गहरे गड्ढों में दफनाया जाए। इसके लिए गांवों में टास्क फोर्स बनाने और बचे हुए जानवरों को दो महीने तक कड़ी निगरानी में रखने का निर्देश भी दिया गया। ग्रामीणों की मांग पर विभाग ने भरोसा दिया है कि आने वाले कुछ महीनों में पाबंदियां हटने के बाद, पशुपालन को दोबारा शुरू करने के लिए योजना बनाई जाएगी।

<><><><><><><><>

नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा अफ्रीकन स्वाइन फीवर की रोकथाम के लिए श्री विजयपुरम हवाई अड्डे पर एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। विभाग की दैनिक कार्रवाई रिपोर्ट के अनुसार, हवाई अड्डे पर आने–जाने वाले यात्रियों एवं कर्मचारियों के जूतों को संक्रमणमुक्त करने के लिए प्रवेश और निकास स्थलों पर डिसइन्फेक्शन मैट लगाए गए हैं। रिपोर्ट में आगमन और प्रस्थान, दोनों श्रेणियों में छह–छह यात्रियों की संख्या दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा कर्मियों द्वारा यात्रियों के सामान की जांच की गई, जिसमें प्रतिबंधित वस्तुएं, सूअर का मांस और उससे बने उत्पाद नहीं पाए गए। संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हवाई अड्डे के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर भी लगाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा तथा संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से टिकट काउंटर, सुरक्षा क्षेत्र और लाउंज में सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है। इन उपायों का उद्देश्य हवाई अड्डे पर सतर्कता बनाए रखना और अफ्रीकन स्वाइन फीवर के संभावित प्रसार को रोकने में सहयोग करना है।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार पुलिस की टीम इन दिनों महाराष्ट्र में 'नशे के खिलाफ जंग' अभियान के तहत जागरूकता का संदेश जन–जन तक पहुंचा रही है। अभियान के तहत यह रैली आज सोलापुर से महाराष्ट्र के पुणे ग्रामीण जिले के दौंड की ओर रवाना हुआ। इस दौरान टीम ने स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों से बातचीत की तथा छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा 10 अक्टूबर को श्री विजयपुरम स्थित सेल्युलर जेल से रवाना की गई यह रैली 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुजरात के एकता नगर में पहुंचकर सम्पन्न होगी। इस मोटरसाइकिल रैली में निरीक्षक विशाल राम के नेतृत्व में अंडमान एवं निकोबार पुलिस के कुल 12 कर्मी पांच मोटरसाइकिलों के साथ भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><><>

सरकार ने इंस्टाग्राम और फेसबुक की मालिक कंपनी मेटा से कहा है कि वह अपनी सामग्री दिखाने वाली प्रणाली में यह सुनिश्चित करे कि उपयोगकर्ताओं को किसी एक या कुछ चुनिंदा विचारों से जुड़ी सामग्री ही जरूरत से ज्यादा न दिखाई जाए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर कंपनी से ऐसी सामग्री की जांच बढ़ाने को कहा है, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ सकती है, हिंसा भड़क सकती है या कोई गैरकानूनी गतिविधि हो सकती है। मंत्रालय ने मेटा से

कहा है कि वह मौजूदा सार्वजनिक घटनाओं से जुड़ी तस्वीरों, वीडियो, ग्राफिक्स और अन्य सामग्री के साथ पर्याप्त जानकारी दे। इससे उपयोगकर्ताओं को यह समझने में मदद मिलेगी कि सामग्री कब और कहां की है तथा उससे जुड़ी परिस्थितियां क्या हैं, खासकर तब, जब ये बातें आसानी से स्पष्ट न हों।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले द्वीप पर्यटन महोत्सव के तहत कला एवं संस्कृति विभाग ने स्थानीय सांस्कृतिक समितियों और संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक समूह 6 नवंबर को शाम 4 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या ई–मेल के माध्यम से कला एवं संस्कृति निदेशालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रत्येक समूह को 4 से 6 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विवरण देना होगा। समूह में 8 से 15 सदस्य हो सकते हैं तथा कलाकारों की आयु कम से कम 8 वर्ष होनी चाहिए। नृत्य प्रस्तुति की अवधि न्यूनतम 30 मिनट और गायन की 45 मिनट से एक घंटे तक निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ स्व–प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। प्रतिभागियों का चयन अंडमान क्लब में आयोजित रिहर्सल के दौरान किया जाएगा। नृत्य समूहों का रिहर्सल 11 और 12 नवंबर तथा गायन समूहों का 13 नवंबर को दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक होगा। आवेदन एवं स्व–प्रमाण पत्र का प्रारूप प्रशासन या विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 234–775 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से दक्षिण अंडमान जिले में 28 से 31 अक्टूबर तक 'खारे पानी में जलीय कृषि– झींगा पालन और केज कल्चर पर विशेष जोर' विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आईसीएआर–केंद्रीय खारा जलजीव पालन संस्थान, चेन्नई के सहयोग से 'रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को खारे पानी की जलीय कृषि, विशेष रूप से वैज्ञानिक झींगा पालन पद्धतियों और केज कल्चर तकनीकों में उनके ज्ञान और तकनीकी कौशलों की जानकारी देना है। इच्छुक प्रतिभागी संबंधित क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालयों या मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र, से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों के साथ, 23 अक्टूबर, तक जमा किए जा सकते हैं। जाने चाहिए। प्रशिक्षुओं को योजना के तहत यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

सैन्य विमानों की ओर से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सत्ताईस अक्तूबर को दिन में दस बजे से दोपहर बारह बजे तक तथा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। इसके अलावा नवम्बर माह में सत्रह और अट्ठारह तारीख को और दिसम्बर माह में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर चौदह से सत्रह तारीख तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा।

उधर, मध्योत्तर अंडमान जिले में भी सैन्या विमानों द्वारा समुद्री क्षेत्र में कल, तेईस अट्ठाईस और तीस अक्टूबर को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस अवधि के दौरान लोगों और मछुआरों से फायरिंग रेंज से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के नवम्बर माह के संभावित यात्रा कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। ये जहाज 4 नवम्बर को श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम और 16 नवम्बर को चेन्नई के लिए रवाना होगा। इस यात्रा के लिए टिकट सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक, जबकि शनिवार को दोपहर बारह बजे तक जारी किए जाएंगे। टिकट विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से भी बुक किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के पैनल तैयार करने की प्रक्रिया 27 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी आवेदकों से निर्धारित तिथि को सुबह 9:30 बजे आकाशवाणी केंद्र में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>